आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

शहीदी दिवस

शहीद दिवस के अवसर पर आज देश सहित प्रदेश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस बीच प्रदेश कांग्रेस ने आज शिमला में मनरेगा का नाम बदलने और योजना को कमज़ोर किए जाने के विरोध में 2 घंटे का उपवास रखा। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार ने न केवल मनरेगा का नाम बदला है, बल्कि योजना के मूल स्वरूप को भी कमज़ोर किया है। उन्होंने कहा कि पहले इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं और महिलाओं को रोज़गार के अवसर मिलते थे, लेकिन अब रोज़गार के अवसरों में कटौती की जा रही है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य कर्नल धनीराम शांडिल, रोहित ठाकुर, अनिरूद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

जयराम

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए अनशन को सियासी नौटंकी करार दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का ये नया कानून पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार को कम करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री प्रधानों के अधिकारों की बात करते हैं, तो वहीं दूसरी ओर डिज़ास्टर एक्ट की आड़ में पंचायत चुनाव को रोककर पंचायतों को प्रशासकों के हवाले कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले 6 महीनों में राज्य की 6 सौ 55 पंचायतों में मनरेगा का एक भी दिन का रोज़गार नहीं दे पाई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा का बजट 33 हज़ार करोड़ से बढ़ाकर 90 हज़ार करोड़ तक पहुंचाया। जयराम ठाकुर ने कहा कि वी.बी.जी.राम जी योजना में एक सौ 25 दिन के रोज़गार की गारंटी है और इसमें वित्तीय अनुशासन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले कार्यों का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार विकास को जन सरोकारों से जोड़कर आगे बढ़ रही है और समाज से हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ये बात आज उन्होंने नगरोटा–सूरियां क्षेत्र की सुकनाड़ा पंचायत में निर्मित सामुदायिक भवन और राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुकनाड़ा के अतिरिक्त भवन के उद्घाटन अवसर पर कही। चंद्र कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही सशक्त समाज की मज़बूत नींव है और राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 देश की आर्थिक मज़बूती, संरचनात्मक बदलाव और वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया भू–राजनीतिक तनाव, व्यापारिक विखंडन और वित्तीय अस्थिरता जैसी चुनौतियों से गुजर रहा है, ऐसे समय में भारत ने लगातार चौथे वर्ष दुनिया की सबसे तेज़ गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि ये आर्थिक सर्वेक्षण स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज़ी से विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

**कार्यशाला**

केंद्र सरकार के नक्शा प्रोजैक्ट के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नगर निगम सोलन में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सहायक बंदोबस्त अधिकारी नरेंद्र चौहान ने बताया कि नक्शा प्रोजैक्ट के तहत ज़िले में नगर निगमों के नक्शे ड्रोन के माध्यम से बनाए जाएंगे।

---